

मांग

पहले भी बेलखाड़ू में हो चुकीं हैं अनेक घटनाएं


सड़क पर बैठे मवेशियों से बढ़ा दुर्घटनाओं का खतरा

बेलखाड़ू नवभारत 2 नंवबर। जबलपुर से कटंगी नेशनल हाईवे रोड पर बेलखाड़ू सहित आस-पास के गांव सड़कों पर घंटों मवेशियों का जमघट लगा होना दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है। दिन के साथ खासकर रात्रि में सफर करने वाले दुपहिया, चौपहिया वाहन चालकों को अचानक सामने आए मवेशियों से टकरा जाने का खतरा बरकरार है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर इन मवेशियों का अचानक अंधेरे में आ जाने से पहले भी दुपहिया वाहन सवारों की मौत हो चुकी है। साथ ही बड़े वाहनों से टकराने के कारण गौवंशों की भी मौत के पूर्व में मामले सामने आ चुके हैं। एनएचएआई के कर्मचारियों से इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान देने की मांग प्रशासन से जिम्मेदारों से की गई है।

मप्र खंगार क्षत्रिय महासभा में सुनील ठाकुर संभाग प्रभारी नियुक्त

पनागर नवभारत 2 नवंबर। मध्यप्रदेश अखिल भारतीय खंगार क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजू ने सुनील सिंह ठाकुर को जबलपुर संभाग प्रभारी नियुक्त किया है। नियुक्ति की खबर से समाज में हर्ष का माहौल है। रोहित सिंह, प्रमोद सिंह, तरेंद्र सिंह, सुशील सिंह, मुकेश सिंह, छत्रपति सिंह, राजेश सिंह सहित अन्य समाजिक बंधुओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



कई वार्डों की स्ट्रीट लाइट बंद

सिहोरा। बारिश के मौसम में जहां जीव जंतुओं का खतरा अधिक रहता है वहीं सिहोरा के कई वार्डों में स्ट्रीट लाइट बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



विद्यासागर गौशाला समिति में सुनील जैन अध्यक्ष निर्वाचित

गोसलपुर में आहूत बैठक में नई कार्यकारिणी की घोषणा

सिहोरा नवभारत 2 नवंबर। श्री विद्यासागर सेवा आश्रम समिति गौशाला सम्मेदगिरी, गोसलपुर की बैठक रविवारको गौशाला प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी के गठन एवं निर्वाचन की प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी श्री अरुण जैन पूर्व अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी पदों पर पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर इंजीनियर सुनील जैन जबलपुर, कार्यकारी अध्यक्ष पद पर संदीप जैन गोसलपुर निर्वाचित हुए। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर अनिल जैन पत्रकार, राकेश जैन सेवानिवृत्त शिक्षक, विमल जैन पत्रकार एवं डॉ. सुनील देवड़िया पनागर को जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के सचिवमहामंत्री पद पर अमित जैन जैन मेडिकल, गोसलपुर तथा सहसचिवसह महामंत्री पद पर सुनील जैन गुड्डा, गोसलपुर एवं नीरज जैन सुहागी, जबलपुर निर्वाचित हुए। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर यतेंद्र जैन गोलू, गोसलपुर तथा सह कोषाध्यक्ष पद पर अनिकेत जैन , गोसलपुर को चुना गया। इसके अलावा प्रशासनिक मंत्री के रूप में प्रवीण जैन को जिम्मेदारी दी गई ।

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में प्रतीक नायक, मुदित जैन, नीरज जैन खितौला, शशांक जैन जबलपुर एवं राहुल जैन बिट्टू निर्वाचित हुए। निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया निर्विरोध एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए गौशाला एवं समिति के सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की।

आज मिलेगा छठ पूजा की बेदी का टोकन

नवभारत, जबलपुर। अधारताल तालाब में छठ पूजा करने वाले श्रद्धालुओं का इंतजार खत्म होने जा रहा है। छठ पूजा के लिए बेदी स्थल आरक्षित कराने टोकन वितरण मंगलवार दोपहर 12 बजे से नगर निगम के अधारताल जोन कार्यालय में शुरू होगा। अधारताल जोन कार्यालय के कोंडाया ने बताया कि छठ व्रती जोन कार्यालय पहुंचकर अपना टोकन प्राप्त कर सकते हैं। टोकन के आधार पर पूजा स्थल आवंटित किया जाएगा।

नगर निगम प्रशासन ने उत्तर प्रदेश-बिहार महासंघ की मांग पर महापौर जगत बहादुर सिंह के निर्देशानुसार यह व्यवस्था की है। टोकन वितरण एवं बेदी स्थल आवंटन की प्रक्रिया पूरी तरह निशुल्क रहेगी। व्यवस्था के तहत एक व्यक्ति को केवल एक ही टोकन दिया जाएगा। नगर निगम प्रशासन और जबलपुर उत्तर प्रदेश-बिहार महासंघ ने सभी श्रद्धालुओं से निर्धारित समय पर पहुंचकर टोकन प्राप्त करने तथा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

बिजली कर्मियों को दीपावली पूर्व दिया जाए एक्स्ट्रा वेजेस



तकनीकी कर्मचारी संघ ने की कंपनी प्रबंधन से मांग

नवभारत,जबलपुर। बिजली कर्मियों को दीपावली पूर्व एक्स्ट्रा वेजेस दिया जाए, ये मांग तकनीकी कर्मचारी संघ ने कंपनी प्रबंधन से की है। मध्य प्रदेश विद्युत मंडल तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स तकनीकी कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व क्षेत्र कंपनी के जबलपुर, सागर, रीवा एवं शहडोल रीजन के मुख्य अभियंताओं को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है कि एक वर्ष में नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स कर्मचारियों से अवकाश के दिन ड्यूटी करा ली गई, लेकिन दोगुनी दर से वेतन एवं नाइट अलाउंस का भुगतान नहीं किया गया है। संघ के केएन लोखंडे, एसके शाक्य, एसके मौर्य, शशि उपाध्याय, दशरथ शर्मा, मोहन दुबे, राजकुमार सैनी, अजय कश्यप, विनोद दास, लखन सिंह राजपूत, संदीप दीपंकर आदि ने पूर्व क्षेत्र कंपनी प्रबंधन से मांग की है कि दीपावली के पूर्व एक्स्ट्रा वेजेस एवं नाइट अलाउंस का भुगतान किया जाये।



योग संस्थान के सेवकों ने किया रक्तदान

बेलखाड़ू में गुरू के जन्मदिन पर सेवा कार्यक्रम आयोजित

बेलखाड़ू नवभारत 2 नवंबर। शहर के विहंगम योग संस्थान द्वारा संत समाज के सदस्यों ने पीड़ित मानवता हेतु अपने गुरु के जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का आयोजन संस्था के जयराम सिंह द्वारा किया गया।

शिविर में शासकीय एल्गिन हॉस्पिटल की ब्लड बैंक की टीम ने 25 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर को सफल बनाने में रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य रमेश नायडू, ब्लड बैंक से डॉ तुषार गुप्ता, पुष्पलता हैरिसन, अभिषेक चन्दन एवं संस्था की अन्य महिलाओं सहित पुरुष सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

ड्यूटी डॉक्टर से अभद्रता कर धमकाया, प्रकरण दर्ज



सिहोरा शासकीय अस्पताल में हंगामा

जबलपुर । शासकीय सिविल अस्पताल सिहोरा में बीती रात इलाज में देरी की बात को लेकर एक मरीज के परिजन ने जमकर उपद्रव मचाया। आरोपी ने ड्यूटी पर तैनात मेडिकल ऑफिसर के साथ न सिर्फ अभद्र व्यवहार किया, बल्कि शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित डॉक्टर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, खितौला निवासी डॉ. आशुतोष उपाध्याय शासकीय अस्पताल सिहोरा में मेडिकल ऑफिसर के पद पर पदस्थ हैं। बीती रात्रि करीब 12:15 बजे वे अस्पताल में अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान वार्ड क्रमांक 08, बमनऊ मोहल्ला सिहोरा निवासी अभिषेक पाण्डेय, 5 वर्षीय बालक अभ्युदय पाण्डेय को इलाज के लिए अस्पताल लेकर आया और तुरंत इलाज करने की मांग करने लगा।

अन्य मरीजों के साथ भी की बदसलूकी

डॉ. आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि वे और उनका स्टाफ उस समय पहले से आए हुए गंभीर मरीजों का चेकअप कर रहे थे। जब उन्होंने अभिषेक को लाइन में आने और थोड़ा इंतजार करने को कहा, तो वह भड़क गया। अभिषेक पाण्डेय डॉक्टर से अभद्रता पर उतारू हो गया। डॉक्टर ने जब उसे अस्पताल में शोर मचाने और उपद्रव करने से मना किया, तो वह और आक्रामक हो गया। आरोपी लगातार शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए अस्पताल के स्टाफ और वहां मौजूद अन्य मरीजों को परेशान करता रहा। हंगामा बढ़ता देख अस्पताल में कार्यरत अन्य स्टाफ सदस्य अतुल दुबे, प्रियंका ठाकरे, अनुष्का श्रीवास्तव, खुशबू चौधरी और सुरक्षा गार्ड दीपक गौंटिया ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया। इन सभी गवाहों के सामने आरोपी अभिषेक पाण्डेय डॉक्टर को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से रफूचक्कर हो गया। जिसके बाद डॉक्टर आशुतोष उपाध्याय ने थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

मन्नत छोड़ ताज होटल में मनाया जन्मदिन

आर्यन-सुहाना भी जश्न में हुए शामिल



बॉलीवुड के 'किंग खान' यानी शाहरुख खान ने 2 नवंबर को अपना 61वां जन्मदिन मनाया. हर साल की तरह इस बार भी उनके प्रशंसक मुंबई स्थित उनके बंगले 'मन्नत' के बाहर अपने पसंदीदा सितारे की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में जुटे, लेकिन इस बार शाहरुख ने जन्मदिन मनाने का अंदाज कुछ अलग रखा. वह देर रात परिवार और करीबी दोस्तों के साथ जश्न मनाने के लिए दक्षिण मुंबई के ताज होटल पहुंचे. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनके बेटे आर्यन खान और बेटी सुहाना खान भी इस पार्टी में शामिल हुए.

मन्नत के बाहर जुटे प्रशंसकों को मिला खास तोहफा

इस बार शाहरुख ने अपने जन्मदिन पर मन्नत की बालकनी से बाहर आकर प्रशंसकों का अभिवादन करने की अपनी पुरानी परंपरा नहीं निभाई. बताया जा रहा है कि बंगले में चल रहे पुनर्निर्माण कार्य के कारण उन्होंने ऐसा किया. हालांकि, प्रशंसकों को निराश नहीं होना पड़ा. मन्नत के बाहर एक बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई, जिस पर शाहरुख का विशेष संदेश और उनकी आगामी फिल्म 'किंग' की झलक दिखाई गई. अभिनेता ने प्रशंसकों के लिए लिखा, 'आपके प्यार और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद.'

फ्लाइंग किस देकर जताया आभार

ताज होटल में देर रात तक चले जश्न के बाद जब शाहरुख बाहर निकले तो वहां मौजूद प्रशंसकों ने उनका जोरदार स्वागत किया. अभिनेता ने अपनी गाड़ी में बैठने से पहले हाथ हिलाकर अभिवादन किया और फ्लाइंग किस देकर प्रशंसकों का प्यार स्वीकार किया.

सिद्धार्थ आनंद ने बढ़ाया सस्पेंस

बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के 61वें जन्मदिन से पहले उनके प्रशंसकों के बीच उत्साह बढ़ गया. उनकी आगामी फिल्म 'किंग' के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने सोशल मीडिया पर एक रहस्यमय पोस्ट साझा कर बड़े सरप्राइज के संकेत दिए. इसके बाद प्रशंसकों को उम्मीद थी कि जन्मदिन के मौके पर फिल्म से जुड़ा कोई खास ऐलान होगा. उधर, मुंबई स्थित शाहरुख के बंगले 'मन्नत' के बाहर भी खास तैयारियां की गईं. प्रशंसक अपने पसंदीदा सितारे की एक झलक पाने के लिए जुटने लगे. सोशल मीडिया पर एड शीरन अरिजीत सिंह की आवाज में फिल्म के गाने को लेकर भी चर्चाएं तेज रहीं.

सबा के बर्थडे पर ऋतिक का रोमांटिक अंदाज

लिखा- तुम्हारे साथ हर सफर खास

अभिनेता ऋतिक रोशन ने अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के जन्मदिन पर सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट साझा किया. उन्होंने सबा के साथ बिताए पलों की कई तस्वीरें साझा करते हुए अपने रिश्ते को लेकर भावुक संदेश लिखा. ऋतिक ने प्यार का इजहार करते हुए कहा कि सबा के साथ जिंदगी का हर साधारण पल भी रोमांचक सफर बन जाता है. अपने संदेश में ऋतिक ने हवाई यात्रा का उदाहरण देते हुए लिखा कि अगर उनके पास दो विकल्प हों, एक सीधी उड़ान और दूसरी कई शहरों से होकर गुजरने वाली लंबी यात्रा, तो वह सबा के साथ हमेशा दूसरा विकल्प चुनेंगे. उनके मुताबिक, सबा के साथ इंतजार और रास्ते के बदलाव भी खूबसूरत अनुभव बन जाते हैं. उन्होंने पोस्ट के अंत में लिखा, 'आई लव यू' और साथ में जीवनभर ऐसे ही सफर करने की इच्छा जताई. ऋतिक ने कुछ तस्वीरों में सबा को अपने दोनों बेटों, रेहान और रिदान के साथ भी दिखाया. इस तस्वीर ने



खास तौर पर लोगों का ध्यान खींचा. सोशल मीडिया पर प्रशंसक दोनों की जोड़ी की तारीफ कर रहे हैं. गौरतलब है कि ऋतिक का सुजैन खान से 2014 में तलाक हुआ था.



बिगबी क्यों हैं बुलेटप्रूफ शील्ड के पीछे!

बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन 'जलसा' के बाहर बुलेटप्रूफ शील्ड के पीछे खड़े होकर प्रशंसकों का अभिवादन करते नजर आए. बताया जा रहा है कि उनके घर को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है. इसके मद्देनजर जलसा के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और निगरानी भी कड़ी कर दी गई है. अमिताभ बच्चन अक्सर रविवार को अपने घर के बाहर जमा होने वाले प्रशंसकों से मुलाकात करते हैं. उनकी एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में प्रशंसक जलसा पहुंचते हैं. हालांकि, इस बार सुरक्षा इंतजामों के बीच अमिताभ ने बुलेटप्रूफ सुरक्षा घेरे से ही हाथ हिलाकर प्रशंसकों का अभिवादन किया.

13 से ओटीटी पर आएगी 'राणाबली'

मुंबई. विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'राणाबली' अब ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है. फिल्म की डिजिटल रिलीज को लेकर उस समय चर्चा शुरू हुई,



नेटफ्लिक्स ने गलती से डेट की रिवील

जब नेटफ्लिक्स इंडिया ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा की. इसमें फिल्म की स्ट्रीमिंग तारीख 13 नवंबर 2026 बताई गई थी.

हालांकि, कुछ समय बाद इस पोस्ट को हटा लिया गया. तब तक कई प्रशंसक इसका स्क्रीनशॉट ले चुके थे और रिलीज की खबर सोशल मीडिया पर फैल गई.

33 साल के टीवी अभिनेता अनुज ठाकुर का निधन

टेलीविजन अभिनेता अनुज ठाकुर



का 27 अक्टूबर को महज 33 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. वे 'धूम मचाओ धूम', 'बंधन साथ जन्मों का', 'बींद बनूंगा घोड़ी चढ़ूंगा' और 'महिसागर' जैसे धारावाहिकों में नजर आए थे. उनके दोस्त और सहकलाकार रूपेश सोनार ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट साझा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. रिपोर्ट के मुताबिक, अनुज की मौत सोते समय दौरा पड़ने से हुई. सुबह करीब साढ़े चार बजे उनका अलार्म बजा, लेकिन वे नहीं उठे. मां जब उन्हें जगाने कमरे में पहुंचीं, तब पता चला कि उनका निधन हो चुका है.


एआर रहमान ने कहा

अगर सबको खुश करना है तो आइसक्रीम बेचो

रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म 'रामायण' के संगीत को लेकर इन दिनों चर्चा तेज है. फिल्म के गानों, खासकर 'मंगल रंग' को लेकर दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं. कुछ लोग संगीत की तारीफ कर रहे हैं, तो कुछ इसके अंदाज पर सवाल उठा रहे हैं.

अब फिल्म के संगीतकार एआर रहमान ने आलोचनाओं पर अपनी बात रखी है. एक इंटरव्यू में रहमान ने कहा कि वह खुद अपने काम के पहले आलोचक होते हैं. उन्हें अपना बनाया हर संगीत पसंद आए, ऐसा जरूरी नहीं है. किसी धुन के पीछे महीनों की सोच और मेहनत होती है. उन्होंने कुछ धुनों की तुलना अचार से करते हुए कहा कि कुछ चीजें समय के साथ और बेहतर लगने लगती हैं. इसलिए किसी रचना को समझने के लिए थोड़ा धैर्य रखना चाहिए. रहमान ने यह भी कहा कि लोग कई बार किसी रचना का केवल एक पहलू देखते हैं, पूरी तस्वीर नहीं.

अपनी बात समझाने के लिए उन्होंने स्टीव



जॉब्स के मशहूर बयान का जिक्र किया, 'अगर सबको खुश करना है तो आइसक्रीम बेचो.' उनका कहना था कि हर किसी की पसंद के अनुसार संगीत बनाना संभव नहीं है. एक कलाकार को लोगों की राय सुननी चाहिए, लेकिन हर किसी को खुश करने की कोशिश में अपनी रचनात्मक सोच से समझौता नहीं करना चाहिए.

राम बने रणबीर कपूर को मिले 75 करोड़ रुपए



फिल्म 'रामायण' को लेकर दर्शकों की उत्सुकता लगातार बढ़ रही है. रणबीर कपूर अभिनीत यह फिल्म 5 नवंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है. करीब 4000 करोड़ रुपये के कथित बजट वाली इस फिल्म की तुलना अक्सर 1987 में दूरदर्शन पर प्रसारित रामानंद सागर की 'रामायण' से की जा रही है. दोनों दौर की रामायण में कलाकारों की लोकप्रियता के साथ उनकी फीस का अंतर भी चर्चा का विषय बना हुआ है. दिलचस्प बात यह है कि नई फिल्म में 1987 की रामायण के राम यानी अरुण गोविल राजा दशरथ की भूमिका निभा रहे हैं. इस तरह दोनों पीढ़ियों की रामायण के बीच एक खास रिश्ता भी जुड़ गया है.

सोशल मीडिया पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, नई रामायण में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले रणबीर कपूर को 75 करोड़ रुपये फीस मिली है. रावण का किरदार निभा रहे यश ने इसके लिए अलग से कोई फीस नहीं ली है. वह फिल्म के निर्माता भी हैं और उनकी कमाई में हिस्सेदारी रहेगी. लक्ष्मण की भूमिका के लिए रवि दुबे को तीन करोड़ और सीता के किरदार के लिए साई पल्लवी को छह करोड़ रुपये मिलने की बात कही जा रही है. हनुमान बने सनी देओल की फीस 20 करोड़ रुपये बताई गई है. वहीं कैकेयी की भूमिका निभा रहीं लारा दत्ता को 25 लाख रुपये मिलने की चर्चा है.